SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam और Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 25/03/2019

Q1. सुल्तान अजलान शाह कप के पहले मैच में भारतीय हॉकी टीम ने किस एशियाई चैम्पियन टीम को 2-0 से हराया है?

क. ऑस्ट्रेलिया

ख. इंग्लैंड

ग. जापान

घ. अमेरिका

सुल्तान अजलान शाह कप के पहले मैच में भारतीय हॉकी टीम ने एशियाई चैम्पियन जापान को 2-0 से हराया है. इस मैच के दौरान भारत के लिए पहला गोल 24वें मिनट में वरुण कुमार ने पेनल्टी कॉर्नर से किया था.

SarkariExam.Com

Q2. भारतवंशी नेओमी जहांगीर को हाल ही में _____ देश की शक्तिशाली अदालत का जज नियुक्त किया गया है?

क. अमेरिका

ख. जापान

ग. चीन

घ. ऑस्ट्रेलिया

भारतवंशी नेओमी जहांगीर को हाल ही में अमेरिका की शक्तिशाली अदालत (डिस्ट्रिक ऑफ कोलंबिया सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स) का जज नियुक्त किया गया है. वे श्री श्रीनिवासन के बाद दूसरी भारतीय अमेरिकी हैं जो इस शक्तिशाली अदालत का हिस्सा बनी हैं.

Q3. श्रीलंका क्रिकेट टीम के किस खिलाडी ने अगले वर्ष होने वाले टी20 विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लेने की घोषणा की है?

क. कुमार संघकारा

ख. तिलकरतने दिलशान

ग. लसिथ मलिंगा

घ. सुनील नारायण

श्रीलंका क्रिकेट टीम के प्रमुख गेंदबाज लसिथ मलिंगा ने हाल ही में अगले वर्ष होने वाले टी20 विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लेने की घोषणा की है. उन्होंने

SarkariExam.Com

कहा है की “मैं टी20 वर्ल्ड कप में खेलना चाहता हूं और फिर मेरा करियर समाप्त हो जाएगा”

Q4. सरकार ने वाइस एडमिरल करमबीर सिंह को किस सेना का नया प्रमुख नियुक्ति किया है?

क. नौसेना

ख. वायुसेना

ग. जल-सेना

घ. इनमे से कोई नहीं

सरकार ने हाल ही में वाइस एडमिरल करमबीर सिंह को नौसेना का नया प्रमुख नियुक्ति किया है. वे 1980 में नौसेना में भर्ती हुए और 1982 में हेलीकॉप्टर के पायलट बने थे. करमबीर सिंह एडमिरल सुनील लांबा की जगह लेंगे.

Q5. निम्न में से किस इलेक्ट्रिक स्कूटर बनाने वाली कंपनी ने अपना नया मॉडल ट्रेंड ई लॉन्च किया है?

क. हीरो मोतोकोर्प

ख. हौंडा मोटर्स

ग. टीवीएस मोटर्स

घ. एवन मोटर्स इंडिया

SarkariExam.Com

हाल ही में इलेक्ट्रिक स्कूटर बनाने वाली कंपनी एवन मोटर्स इंडिया ने अपना नया मॉडल ट्रेंड ई लॉन्च किया है. जिसकी कीमत 56,900 रुपए से शुरू है जिसमे 1 बैटरी लगी है. इस इलेक्ट्रिक स्कूटर की बुकिंग 1,100 रुपए में की जा सकती है.

Q6. निम्न में से कौन सा ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हाल ही में टी-20 में 300 मैच खेलने वाला पहला ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर बन गया है?

क. डेविड वार्नर

ख. स्टीव स्मिथ

ग. शेन वॉटसन

घ. केन विलियम्सन

2016 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हाल ही में आईपीएल के दौरान 300 मैच खेलने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर बन गए है.

Q7. बीसीसीआई ने किस राज्य की अंडर-19 क्रिकेट टीम में ऐज फ्रॉड कर जगह बनाने वाले खिलाड़ी सुमित जुयाल पर 2 वर्ष का प्रतिबंध लगा दिया है?

क. दिल्ली

ख. पंजाब

ग. केरल

घ. उत्तराखंड

SarkariExam.Com

बीसीसीआई ने हाल ही में उत्तराखंड की अंडर-19 क्रिकेट टीम में ऐज फ्रॉड कर जगह बनाने वाले खिलाड़ी सुमित जुयाल पर 2 वर्ष का प्रतिबंध लगा दिया है. बीसीसीआई ने सुमित जुयाल के दस्तावेज फर्जी पाए जाने पर उन पर 2 वर्ष का प्रतिबंध लगा दिया है

Q8. टेस्ट को और ज्यादा लोकप्रिय बनाने के लिए किसने जर्सी पर नाम और जर्सी नंबर के साथ खेलने की मंजूरी दे दी है?

क. बीसीसीआई

ख. आईसीसी

ग. पीसीबी

घ. एसीबी

हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टेस्ट को और ज्यादा लोकप्रिय बनाने के लिए क्रिकेटर को अब जर्सी पर नाम और जर्सी नंबर के साथ खेलने की मंजूरी दे दी है. अब से टेस्ट मैच के दौरान खिलाडियों की जर्सी पर उनका नाम और नंबर दोनों लिखे होंगे.

Q9. जहाज में लगने वाले 3डी एयर सर्विलांस रडार की सप्लाई के लिए टाटा पावर को किस मंत्रालय से 1,200 करोड़ रुपये का कॉन्ट्रैक्ट मिला है?

क. रेल मंत्रालय

ख. खेल मंत्रालय

ग. रक्षा मंत्रालय

SarkariExam.Com

घ. परिवहन निगम

जहाज में लगने वाले 3डी एयर सर्विलांस रडार की सप्लाई के लिए टाटा पावर को हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने 1,200 करोड़ रुपये का कॉन्ट्रैक्ट दिया था. इस कांटेक्ट के मुताबिक, टाटा पावर भारतीय नोसेना को अगले 10 साल में 3डी एयर सर्विलांस रडार की सप्लाई करेगी

Q10. पर्यावरण संबंधी संकटों से निपटने के लिए अमेरिका में कितनी भारतीय छात्राओं को 25 हजार डॉलर का इनाम दिया गया है?

क. दो भारतीय छात्राओं

ख. चार भारतीय छात्राओं

ग. छह भारतीय छात्राओं

घ. आठ भारतीय छात्राओं

पर्यावरण संबंधी संकटों से निपटने के लिए तकनीक विकसित के लिए अमेरिका में 4 भारतीय छात्राओं को 25 हजार डॉलर का इनाम दिया गया है और उन्हें सम्मानित किया गया है. ये चार छात्र (अंजलि चड्ढा, प्रीती, नवामी जैन, और साईं प्रीती मामीडाला) है.

Q11. किस देश के वैज्ञानिकों ने हाल ही में पानी से हाइड्रोजन ईधन के उत्पादन का सस्ता और प्रभावी तरीके की खोज की है?

क. जापान

ख. ऑस्ट्रेलिया

SarkariExam.Com

ग. अमेरिका

घ. चीन

अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ अरकंसास और आरगोन नेशनल लैब के वैज्ञानिकों ने हाल ही में पानी से हाइड्रोजन ईधन के उत्पादन का सस्ता और प्रभावी तरीके की खोज की है. वैज्ञानिकों ने कहा है की निकेल और लोहे के सूक्ष्म उत्प्रेरकों की मदद से पानी के विखंडन की प्रक्रिया तेज हो जाती है.

Q12. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में किस देश पर लगे नए प्रतिबंध को हटा दिया है?

क. चीन

ख. इराक

ग. रूस

घ. उत्तर कोरिया

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में उत्तर कोरिया देश पर लगे नए प्रतिबंध को हटा दिया है. और वेनेजुएला के प्रमुख बैंक पर प्रतिबंध लगा दिया है.

Q13. हाल ही में जारी की गयी टॉप एशियन रिच लिस्ट 2019 में उद्योगपति हिंदुजा फैमिली लगाकर कौन सी बार पहले स्थान पर रही है?

क. दूसरी बार

ख. तीसरी बार

ग. पांचवी बार

SarkariExam.Com

घ. छठी बार

हाल ही में जारी के गयी एशियन रिच लिस्ट 2019 में उद्योगपति हिंदुजा फैमिली लगाकर छठी बार पहले स्थान पर रही है. हिंदुजा फैमिली की कुल संपत्ति 25.2 अरब पाउंड है और इसमें पिछले साल की तुलना में 3 अरब पाउंड से अधिक का इजाफा हुआ है.

Q14. चीन के "वन बेल्ट वन रोड" प्रॉजेक्ट के साथ जुड़ने वाला कौन सा देश G-7 का पहला देश बन गया है?

क. अमेरिका

ख. इटली

ग. जापान

घ. ऑस्ट्रेलिया

चीन के "वन बेल्ट वन रोड" प्रॉजेक्ट के साथ जुड़ने वाला इटली देश G-7 का पहला देश बन गया है. इटली ने हाल ही में चीन के साथ एक मेमोरैंडम ऑफ अंडरस्टेंडिंग पर वन बेल्ट वन रोड इनिशिएटिव (ओबीओआर) पर हस्ताक्षर किए हैं.

Q15. परिवहन विभाग ने किस शहर में ओला की कैब सर्विस पर 6 महीने की रोक लग दी है?

क. दिल्ली

ख. गोवा

SarkariExam.Com

ग. बेंगलुरु

घ. सिक्किम

हाल ही में परिवहन विभाग ने ओला की कैब सर्विस पर बेंगलुरु में 6 महीने की रोक लग दी है, इस दौरान बेंगलूर में ओला बाइक, ऑटो या कैब ऑपरेट नहीं कर पाएगी. यह रोक नियमों का उल्लंघन करने की वजह से लगायी गयी है

Q16. हाल ही में दुनिया को पीछे छोड़कर कौन सा देश बॉलिवुड फिल्मों का सबसे बड़ा विदेशी मार्केट बन गया है?

क. अमेरिका

ख. इटली

ग. जापान

घ. चीन

अब केवल भारत की फिल्में देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी देखी जाती हैं. भारत की फिल्में को अमेरिका और बाकी के यूरोपीय देशों ने भी काफी पसंद किया है. हाल ही में दुनिया को पीछे छोड़कर चीन बॉलिवुड फिल्मों का सबसे बड़ा विदेशी मार्केट बन गया है

Q17. #Metoo की तरह किस देश की महिलाओ ने हाई हील्स के विरोध में #KuToo अभियान चलाया है?

क. चीन

ख. ऑस्ट्रेलिया

SarkariExam.Com

ग. अमेरिका

घ. जापान

Metoo की तरह जापान की महिलाओ ने हाई हील्स के विरोध में #KuToo अभियान चलाया है. जापान में पुरुषों और कामकाजी महिलाओं दोनों के लिए ही कुछ ड्रेस कोड अनिवार्य हैं। महिलाओं के लिए हाई हील्स पहननी जरूरी है.

Q18. मुबंई के जियो गार्डन में आयोजित 64वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स 2019 में किस फिल्म को बेस्ट फिल्म का खिताब दिया गया है?

क. टोटल धमाल

ख. वेलकाम बेक

ग. राजी और अंधाधुन

घ. केसरी

मुबंई के जियो गार्डन में आयोजित 64वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स 2019 में राजी और अंधाधुन फिल्म को बेस्ट फिल्म का खिताब दिया गया है. और साथ ही रणबीर कपूर और आलिया भट्ट को बेस्ट एक्टर्स (पॉपुलर) का अवॉर्ड दिया गया

Q19. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल के 12वें संस्करण का उद्घाटन के दौरान सैन्य बलों को कितने करोड़ रुपए दान किये है?

क. 5 करोड़ रुपए

ख. 10 करोड़ रुपए

ग. 15 करोड़ रुपए

SarkariExam.Com

घ. 20 करोड़ रुपए

आईपीएल के 12वें संस्करण का उद्घाटन के दौरान भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सैन्य बलों को 20 करोड़ रुपए दान किये है. जिसमे से इंडियन आर्मी को 11 करोड़ रुपए ,सीआरपीएफ को 7 करोड़ रुपए और नेवी तथा एयर फोर्स को 1-1 करोड़ रुपए दिए जायेगे.

Q20. जस्टिस प्रशांत मिश्रा को किस हाईकोर्ट का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है?

क. दिल्ली हाईकोर्ट

ख. पंजाब हाईकोर्ट

ग. केरल हाईकोर्ट

घ. छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट

जस्टिस प्रशांत मिश्रा को हाल ही में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है. राष्ट्रपति रामलाल कोविंद ने वरिष्ठता के आधार पर जस्टिस प्रशांत मिश्रा को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है

SarkariExam.Com